# पड़े जो संकट भगत पे तेरे सिंह चढ़ आये भवानी

पड़े जो संकट भगत पे तेरे,
सिंह चढ़ आये भवानी,
तेरा जलवा देख माँ अम्बे,
बनी मैं तेरी दीवानी।bd।

---

छुपा ना कुछ तुझसे माँ अम्बे,
हार गई हर द्वार,
सबने है ठुकराया भवानी,
कही मिला ना प्यार,
आ गई मैं झोली पसार,
दर तेरे महारानी,
तेरा जलवा देख माँ अम्बे,
बनी मैं तेरी दीवानी।bd।

---

भवर में नईया जब जब डोले,
बने तु मेरा सहारा,
तेरा हर अवतार माँ रानी,
लगे है जग से प्यारा,
तेरे शरण में 'रेशमी' आई,
बनके तेरी सवाली,
तेरा जलवा देख माँ अम्बे,
बनी मैं तेरी दीवानी।bd।

---

पड़े जो संकट भगत पे तेरे,
सिंह चढ़ आये भवानी,
तेरा जलवा देख माँ अम्बे,
बनी मैं तेरी दीवानी।bd।

**Singer / Upload – Reshmi Agrarian**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com